हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

11 व्यवहारिक ज्ञान से विद्यार्थियों का बढ़ रहा आत्मविश्वास



12 दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने लगा विशेष शिविर..



नवरात्रि विशेष



द्वितीय : ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

खबर संक्षेप

मंदर माई मंदिर में ज्योति कलश पंजीयन 14 तक



धमतरी। शहर के बांसपारा स्थित प्राचीन मंदर माई मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि तेल ज्योति कलश के लिए 901 रुपए और घी ज्योति कलश के लिए 1201 रुपए शुल्क निर्धारित है। इच्छुक भक्त 14 अक्टूबर तक रात 8 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं। 15 अक्टूबर को पंचमी तिथि पर शाम के समय मंदिर में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

- पंचमी को प्रज्ज्वलित होंगे ज्योति कलश

खमनापारा में कबड्डी स्पर्धा 12 को

नगरी। शारदीय नवरात्रि पर ग्राम खमनापारा (मुकुंदपुर) में सेवन स्टार क्रीड़ा समिति द्वारा 12 अक्टूबर को एक दिवसीय पंचायत स्तरीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश शुल्क 251 रुपये निर्धारित है। प्रथम पुरस्कार 8,026 रुपये एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 5,026 रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 3,026 रुपये एवं ट्रॉफी तथा चतुर्थ पुरस्कार 2,026 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

अटंग में कबड्डी प्रतियोगिता 24 से

सिर्री। ग्राम अटंग में जय बजरंग क्रीड़ा मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 24 और 25 अक्टूबर को राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रवेश शुल्क 301 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए रखा गया है। यह जानकारी अध्यक्ष नेहरू साहू, तेजेन्द्र साहू, रोशन चंद्राकर, रुद्रनाथ साहू ने दी।

श्यामतराई कृषि उपज मंडी में वनोपज की खरीदी आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी में आज से वनोपज सहित औषधि उत्पादों की खरीदी - बिक्री का श्रीगणेश होने जा रहा है। इसके लिए ट्रेडर्सों को लाइसेंस प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि वन विभाग तेंदूपत्ता संग्रहण समितियों के माध्यम से वनोपज की खरीदी करता है लेकिन वनोपज की राशि तत्काल नहीं मिलने से वनाचंल के लोग बाजार में सस्ते दाम पर नकद में बेच देते हैं।

धमतरी जिला का 51 प्रतिशत क्षेत्र वनों से आच्छादित है। यहां कई तरह के वनोपज तथा वन औषधि पाई जाती है। वनोपज का संग्रहण करने वाले वनवासी इसे स्थानीय बाजार में बेचते हैं। बाजार में वनोपज की खरीदी करने वाले व्यवसायियों को अपना माल प्रदेश से बाहर बेचना पड़ता है जिसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने नई व्यवस्था दी है। श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी में प्रत्येक सोमवार को वनोपज एवं अन्य औषधि उत्पादों की खरीदी बिक्री के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इससे वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के वनोपज और उत्पादों का संग्रहण करने एवं उपार्जन करने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध होगा।

प्रत्येक सोमवार को जुटेंगे क्रेता-विक्रेता, कुछ ट्रेडर्स को लाइसेंस दिया गया

वनोपज विक्रय के लिए जगह निर्धारित

कृषि विभाग के उपसंचालक मोनेश साहू ने बताया कि धमतरी जिले के अलावा बस्तर क्षेत्र के वनोपज संग्राहकों को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। 12 अक्टूबर सोमवार को प्रातः 10 बजे से मंडी परिसर के शेड क्रमांक 1 में पोल क्रमांक 4 से 8 तक के हिस्से को इसके लिए आरक्षित किया गया है। यहां पर वनौषधि एवं वनोपज का क्रय-विक्रय किया जाएगा।



वनोपज का मिलेगा सही भाव : अबिनाश मिश्रा

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा है कि हर सोमवार को श्यामतराई मंडी में वनोपज की खरीदी होगी। इसके लिए कुछ ट्रेडर्स को लाइसेंस प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के जंगल में हर्रा, बेहड़ा, आंवला जैसे त्रिफला के अलावा लाख, इमली, सतावर, मूसली, अश्वगंधा सहित अन्य उत्पाद होते हैं। इसे बेचने के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। वनोपज का सही दाम मिलेगा। उल्लेखनीय है कि वर्षों पहले यहां के लाख तथा वनोपज की पहचान एशिया स्तर पर थी। अब वनोपज की पहचान एशिया में मध्यप्रदेश के नीमच में है। धमतरी बस्तर का प्रवेश द्वार है। इस मंडी में बस्तर से भी वनोपज बिकने के लिए आएगा।

नवरात्रि के पहले दिन दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु, विदेशों में रहने वाले भक्तों ने भी जलवाई ज्योत

देवी मंदिरों में प्रज्ज्वलित हुई मनोकामना ज्योत, शहर के पंडालों में विराजीं मां दुर्गा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पोलैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और दुबई तक आस्था

धमतरी के देवी मंदिरों में प्रज्ज्वलित मनोकामना ज्योत में विदेशों में रहने वाले श्रद्धालुओं की भागीदारी भी देखने को मिली। पोलैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और दुबई सहित विदेशों में रहने वाले भक्तों ने भी अपने आराध्य देवी मंदिरों में ज्योत प्रज्ज्वलित कराई। हजारों किलोमीटर दूर रहने के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था अपनी जन्मभूमि और आराध्य देवी से जुड़ी हुई है।

धर्म और आस्था की नगरी धमतरी में शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। देवी मंदिरों में विधि-विधान से घटस्थापना के साथ मनोकामना ज्योत कलश प्रज्ज्वलित किए गए, वहीं शहर के प्रमुख दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजमान हो गई हैं। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई, जो देर शाम तक जारी रही। मंदिरों में गूंजते माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया है। नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

नवरात्र के पहले दिन शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में हजारों मनोकामना ज्योत कलश प्रज्ज्वलित किए गए। गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर में 6601, मां बिलाई माता मंदिर में लगभग 2535, शनि मंदिर में 150, रिसाई माता मंदिर में 160 और शीतला माता मंदिर में 200 से अधिक ज्योत कलश जलाए गए। इसके अलावा शहर के अन्य देवी मंदिरों और 100 से अधिक सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में भी श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित कराई।

दुर्गा पंडालों में बढ़ी रौनक



शहर के प्रमुख दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित होने के बाद अब दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। आकर्षक साज-सज्जा और रोशनी से सजे पूजा पंडाल नवरात्र की भव्यता बढ़ा रहे हैं। नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना होगी।

दुकालू यादव के भक्ति गीतों पर देर रात तक झूमे श्रद्धालु

नवरात्र के आगमन पर धार्मिक आयोजनों की धूम भी देखने को मिली। टिकरापारा में पीपल पेड़ के पास स्थित आदर्श नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति के पंडाल में मां चंद्रहासिनी की प्रतिमा स्थापित की गई है। शनिवार रात छत्तीसगढ़ी भक्ति गीतों के लोकप्रिय गायक दुकालू यादव ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। उनके भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

आदिशक्ति अंगारमोती के दरबार में जली 6601 मनोकामना ज्योति

- पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर हुई माता की आराधना
- देश के विभिन्न राज्यों सहित छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं ने प्रज्ज्वलित की ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







मां अंगारमोती के पावन दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इस दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर माता की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने माता को चुनरी एवं साड़ी भेंटकर श्रृंगार किया और आरती कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

मां अंगारमोती के दरबार में इस वर्ष कुल 6601 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। इनमें 4803 तेल ज्योत और 1798 घी ज्योति शामिल हैं। श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना की पूर्ति और परिवार की सुख-शांति की कामना के साथ माता के दरबार में ज्योति प्रज्ज्वलित कर अपनी आस्था व्यक्त की।

मां अंगारमोती के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कराने के लिए दिल्ली, मुंबई, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक सहित देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे। वहीं छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों से भी श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई, माधवसिंह ठाकुर, हरमीत होरा, दाऊ कृष्ण कुमार गुप्ता, ढालूराम ध्रुव, देवानंद नेताम, ओंकार नेताम, डॉ. एस. ठाकुर, शिवचरण नेताम, हेमलाल ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर, नरोत्तम सिंह ठाकुर, ईश्वर नेताम, तुकाराम मरकाम, मनराखन ठाकुर, उदय नेताम, गणेश्वर ध्रुव, ललित ठाकुर, नारायण सिंह ध्रुव, ठाकुराम नेताम, जयपाल ठाकुर, नन्दा ध्रुव, शशि ध्रुव, भगत उईके, शत्रुघन नेताम, गणेश ध्रुव, ईश्वरी नेताम, शेष नेताम, प्रेमलाल सिन्हा, शिव कुंजाम, अर्जुन कोर्राम, मानसिंह मरकाम, हरि नेताम, घनश्याम नेताम, भानसिंह नेताम, रामेश्वर मरकाम, वेदप्रकाश ध्रुव, तीजेंद्र कुंजाम, कृष्णा मरकाम, हेमन्त ध्रुव, बंटी मरकाम, नरेन्द्र नेताम, रोशन मरकाम, सोहन ध्रुव, गीता नेताम, अनीता नेताम, बुधंतीन नेताम, प्रेमलता नेताम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

पुलिस ने मोतिमडीह-लिखमा के पास की कार्रवाई, मवेशियों को गौशाला पहुंचाया

ओडिशा के कत्लखाने ले जा रहे 14 गौवंश बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जंगल के रास्ते मवेशियों को हांककर ओडिशा के कत्लखाने ले जा रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिराफ्तार किया है। उसके कब्जे से 14 मवेशियों को छुड़ाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद मवेशियों को पंडरीपानी गौशाला भेज दिया गया है।

जिले से लगातार गौवंश मवेशियों की तस्करी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने पुलिस जवानों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। घटना शनिवार की है। बोराई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मोतिमडीह-लिखमा मार्ग पर एक व्यक्ति मवेशियों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए



ओडिशा ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपी अमरचंद नेताम उम्र 45 साल निवासी आमगांव थाना बोराई को पकड़ा गया। वह मवेशियों के परिवहन एवं खरीदी-बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 14 मवेशी बरामद किए गए हैं, जिनमें 11 गाय, 2 बैल एवं 1 बछिया शामिल हैं। जब्त मवेशियों की अनुमानित कीमत 50,000 रूपये आंकी गई है। सभी मवेशियों का पशु चिकित्सा अधिकारी से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के पश्चात उनके सुरक्षित रख-रखाव एवं देखभाल के लिए पंडरीपानी की गौशाला को सुपुर्दनामा पर सौंपा गया। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

संयुक्त खातों में एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता खत्म

- किसानों को राहत, धान बेचने की चिंता हुई दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हर खातेदार का एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त होने से किसानों किसानों को राहत मिली है। बड़ी संख्या में संयुक्त खातों में सभी खातेदारों का पंजीयन होना बाकी है। ये किसान धान खरीदी को लेकर संशय में थे। अब उन्होंने राहत की सांस ली है।

खेती किसानी संबंधित सभी योजनाओं को एक डिजिटल प्लेटफार्म में लाते हुए शासन ने एग्रीस्टेक साफ्टवेयर लांच किया है। इस साफ्टवेयर के माध्यम से खेती किसानी संबंधित सभी योजनाएं संचालित होंगी। चाहे वह सब्सिडी हो या धान खरीदी। इससे किसानों को भी एक डिजिटल प्लेटफार्म मिलेगा। सरकारी दफ्तरों के चक्कर से मुक्ति मिलेगी और ऑनलाइन ही कई काम हो जाएंगे।



इस बार शासन ने संयुक्त खातों में सभी खात धारकों का पंजीयन करवाना अनिवार्य कर दिया था, जिससे किसानों की समस्या बढ़ गई थी। अधिकांश संयुक्त खातों में सभी खाताधारकों का पंजीयन नहीं हुआ है। अब शासन ने इन संयुक्त खातों में सभी किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। इससे किसानों को राहत मिली है।

इसलिए नहीं हुआ खातेदारों का पंजीयन

कई किसान संयुक्त परिवार में रहते हैं, जहां पर जमीन की ऋणपुस्तिका में सभी सदस्यों के नाम हैं। इनमें कई सदस्य बाहर रहते हैं। वहीं कई परिवारों में सदस्यों के बीच अनबन की स्थिति है। कुछ परिवारों में तो जमीन बंटवारे को लेकर विवाद की स्थिति है। ऐसे में सभी खाताधारक पंजीयन के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। उधर जो किसान वास्तव में इन खातों की जमीन पर खेती कर रहे हैं। वे डर रहे थे कि सभी लोगों का पंजीयन नहीं होने की स्थिति में वे धान नहीं बेच पाएंगे। अब उनका डर खत्म हुआ है।

हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगाने की रफ्तार धीमी, वाहन चालक उदासीन

बिना हाई सिक्युरिटी प्लेट के घूम रहे पुराने वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गाड़ियों की चोरी सहित अन्य अपराध को रोकने के लिए चार साल से सभी गाड़ियों में हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगाई जा रही है। विडंबना यह है कि अब तक कई पुराने वाहनों में यह नम्बर प्लेट नहीं लगी है। शुरूआती दौर में लोगों ने हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगवाई लेकिन अब इक्का दुक्का वाहन चालक ही नम्बर प्लेट लगवा रहे हैं। वहीं जिस कम्पनी को नम्बर प्लेट लगाने का जिम्मा दिया गया है, वह भी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

वाहन चोरी जैसी घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। इसके साथ ही वाहनों की नम्बर प्लेट बदलकर कई प्रकार के अपराधों को अंजाम दिया जाता है। इन



अपराधों में कमी लाने के लिए शासन ने सभी वाहनों में हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगाने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2019 के बाद से नए वाहनों में हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट के साथ ही रजिस्ट्रेशन हो रहा है। इन वाहनों में अलग से हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगाने की जरूरत नहीं है, लेकिन 2019 से पहले के जिन वाहनों में नार्मल नम्बर प्लेट लगी है, उन वाहनों में शासन के निर्देशानुसार एक निर्धारित शुल्क लेकर हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगाई जा रही है। जिले में पुराने वाहनों में इस नम्बर प्लेट को लगाने के लिए एक कम्पनी को जिम्मा दिया गया है। जिले में हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगाने की स्पीड काफी धीमी है। अब तक करीब 40 प्रतिशत पुराने वाहनों में ही हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगाई जा सकी है।

नहीं हो रही कार्रवाई, इसलिए उदासीनता

एक जानकारी के अनुसार जिले में करीब 2 लाख 35 हजार वाहन पंजीकृत हैं। इसमें ट्रक, मेटाडोर, बस, जीप, कार, मोटरसाइकिल सहित सभी प्रकार के वाहन शामिल हैं। इन वाहनों में डेढ़ लाख से ज्यादा वाहनों में हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगी है। ये वाहन 2019 के बाद खरीदे गए हैं। करीब 80 हजार वाहनों में हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगी है। इन्हीं वाहनों में नम्बर प्लेट लगाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगाए जाने पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है, इसलिए वाहन चालक इसे लेकर उदासीन हैं।

स्वीकृत सड़कों की मरम्मत मुश्किल, अभी और धूल से नहाएगा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश से जर्जर हुई सड़कों से उड़ रही धूल ने लोगों को हलाकान कर दिया है। इन सड़कों की मरम्मत की मांग रोजाना उठ रही है, लेकिन विडंबना यह है कि इन सड़कों का निर्माण पहले से स्वीकृत है। इन सड़कों को उखाड़ने के बाद फिर से सड़क बनाई जाएगी। इस पर काम भी चल रहा है। ऐसे में शहरवासियों को कम से कम 4-6 माह और धूल से नहाना होगा।

पिछले दिनों हुई बारिश से शहर की कई सड़कें बदहाल हो गई हैं। सिहावा रोड, रत्नाबांधा रोड सहित अन्य सड़कों की स्थिति तो काफी खराब हो गई है, जिन पर चलना भी दूभर हो गया है। बारिश थमने के बाद इन सड़कों पर बेतहाशा धूल उड़ रही है। धूल इतनी ज्यादा है कि कई बार विजिबिलिटी 100 मीटर भी नहीं रहती है। ऐसे में धूल से लोग तो बीमार हो रहे हैं साथ ही दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। इस रोड किनारे जिन लोगों की दुकानें हैं, वे तो और भी ज्यादा परेशान हैं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से सड़क पर लगातार पानी डलवाने और शीघ्र ही डामरीकरण करने की मांग की है। कई समाजसेवी और जनप्रतिनिधि भी सड़क मरम्मत की मांग कर रहे हैं।



नए सिरे से सड़क बनाई जाएगी

पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन अभियंता एसएस चहल ने बताया कि सिहावा रोड, रत्नाबांधा रोड, अंबेडकर चौक से रूद्री रोड और गंगरेल रोड का निर्माण पहले से स्वीकृत है। इन सड़कों पर गिट्टी डलवाई गई है। लगातार पानी डाला जा रहा है। इन सड़कों को फिर से उखाड़कर नए सिरे से सड़क बनाई जानी है। ऐसे में इन सड़कों की मरम्मत संभव नहीं है।

खबर संक्षेप



कुरुद-कोसमर्रा मार्ग चौड़ीकरण की धीमी रफ्तार से ग्रामीण परेशान

कोर्रा(भखारा)। कुरुद से कोसमर्रा मार्ग चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर है। कार्य धीमा चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग में गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है जिससे लोगों को आने - जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- पानी डालकर रोलर नहीं चलाने से उड़ रही धूल, आए दिन गिरकर घायल हो रहे राहगीर

भेंडरवानी, देवरी, बगदेही, चोरभट्टी, भुसरेंगा सहित आसपास के दर्जनों गांव के मजदूर, नौकरीपेशा, स्कूल, कालेज आईटी आई, कृषि महाविद्यालय के लोगों को इसी मार्ग से होकर गुजरना होता है। ठेकेदार द्वारा गिट्टी डालने के बाद पानी डालकर सही ढंग से बेलन नहीं चलाया गया। भुसरेंगा निवासी जितेंद्र कुमार साहू का कहना है कि मार्ग की कई जगह खुदाई की गई है। पानी डालकर रोलर न करने से धूल का गुबार उड़ रहा है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। बगदेही निवासी रामस्वरूप सेन का कहना है कि मार्ग इतना खराब हो गया है कि आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं।

चैतन्य देवी झांकी 12 से 15 तक

मगरलोड। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि सेवा केंद्र मगरलोड के सहयोग से इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर नगर पंचायत मगरलोड के सोसाइटी परिसर में चार दिवसीय चैतन्य देवी झांकी का प्रदर्शन 12 से 15 अक्टूबर के बीच होने जा रहा है। प्रतिदिन शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक मां दुर्गा के अष्ट शक्ति स्वरूप के दिव्य दर्शन होंगे।

निधन : सुशील यादव

धमतरी। बनियापारा निवासी एवं दूरसंचार विभाग के रिटायर्ड कर्मी सुशील यादव पिता स्व. रामसेवक



यादव का रविवार की सुबह निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। वे कन्हैया यादव, दुर्गेश यादव के चाचाजी थे। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2 बजे निवास स्थान से शांतिघाट के लिए निकाली गई जिसमें स्वजन व वार्डवासी शामिल हुए।

मजदूर की बेटी पूजा ने नेटबॉल में गाड़े सफलता के झंडे, राष्ट्रीय स्तर पर चमका धमतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिले के ग्राम परखंदा की पूजा साहू ने अभावों के बीच नेटबॉल में अपनी अलग पहचान बनाई है। मजदूरी कर परिवार चलाने वाले चौकीलाल साहू और महेश्वरी साहू की बेटी पूजा ने गांव के साधारण मैदान से खेल का सफर शुरू कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता तक अपनी जगह बनाई। उनकी उपलब्धियां ग्रामीण प्रतिभाओं की संभावनाओं को सामने लाती हैं।

पूजा की पढ़ाई गांव के शासकीय प्राथमिक और हायर सेकेंडरी स्कूल में हुई। कक्षा पांचवीं में स्कूल के मैदान पर सीनियर खिलाड़ियों को नेटबॉल खेलते देखकर उनके मन में भी इस खेल के प्रति रुचि जागी। इसके बाद उन्होंने नियमित अभ्यास शुरू किया। ठंड और बारिश की परवाह किए बिना सुबह 5 बजे मैदान पहुंचकर अभ्यास करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया।

सुबह 5 बजे मैदान में बहाया पसीना, 9 बार राज्य और राष्ट्रीय स्पर्धा में किया प्रतिनिधित्व

साधारण मैदान में सीखा खेल का हुनर

गांव में आधुनिक खेल सुविधाएं और सिंथेटिक कोर्ट नहीं थे। ऐसे में कोच गोपाल साहू ने साधारण मैदान पर ही पूजा को खेल की बारीकियां सिखाईं। नियमित अभ्यास और अनुशासन के सहारे पूजा ने जिला स्तर से आगे बढ़ते हुए राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई।



शहीद कौशल यादव खेल अलंकरण से सम्मानित

पूजा अब तक 9 बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में धमतरी का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उन्होंने झारखंड, हरियाणा, उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर और कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर दो बार पदक जीतने के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार के शहीद कौशल यादव खेल अलंकरण से सम्मानित किया गया।

युवाओं को दिया खेल से जुड़ने का संदेश

पूजा का मानना है कि ग्रामीण युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ खेलों में भी भाग लेने की अपील की। खेल शारीरिक और मानसिक मजबूती के साथ आगे बढ़ने के नए अवसर भी प्रदान करते हैं।

2424 मनोकामना ज्योति से रोशन हुआ सिहावा का शीतला शक्तिपीठ

आस्था के दीपों से जगमगाया माता का दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शारदीय नवरात्रि पर सिहावा स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र शीतला शक्ति पीठ में इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही माता शीतला के दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रमुख घट स्थापना के पश्चात ज्योति धारियों ने विधि-विधान एवं परंपरागत रीति-रिवाज के साथ माता शीतला का दर्शन किया। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए संकल्प लिया और शुभ मुहूर्त में दोपहर 3 बजे से मनोकामना ज्योतिय प्रज्ज्वलित की। सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने भी ज्योति प्रज्ज्वलित कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

इस वर्ष शारदीय नवरात्रि में शीतला शक्ति पीठ में कुल 2424 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई





है। इनमें घी की 251तथा तेल की 2173 ज्योति शामिल हैं। मंदिर परिसर में एक साथ प्रज्ज्वलित इन ज्योति का मनोरम दृश्य श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

रंग-बिरंगी रोशनी से निखरा मंदिर परिसर

शारदीय नवरात्रि को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाने के लिए शीतला शक्ति पीठ समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से पूरा परिसर जगमगा रहा है। रात्रि के समय रोशनी से सजा माता का दरबार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

नवरात्रि शक्ति, साधना और आत्मिक शुद्धि का पर्व

आचार्य नारायण प्रसाद पाठक ने ज्योति धारियों को विधि-विधान से संकल्प कराया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, साधना और आत्मिक शुद्धि का पर्व है। मां आदिशक्ति की आराधना से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्रद्धा एवं विश्वास के साथ की गई माता की उपासना मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

स्वयंभू माता के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था

शीतला शक्ति पीठ समिति के अध्यक्ष नरेंद्र नाग ने बताया कि सिहावा की शीतला माता के प्रति क्षेत्रवासियों की आस्था अत्यंत गहरी है। माता का स्वरूप स्वयंभू होने के कारण इस दरबार का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। माता शीतला अपने भक्तों के कष्टों को हरती हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।

तृतीया से अष्टमी तक प्रतिदिन भोजन प्रसादी

नवरात्रि में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समिति द्वारा विशेष प्रसाद व्यवस्था भी की गई है। नवरात्रि के तृतीय दिवस से अष्टमी तक प्रतिदिन भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। नवरात्रि पर्व को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष नरेंद्र नाग, उपाध्यक्ष बलदेव निषाद एवं रामलाल नेताम, कोषाध्यक्ष गैंदलाल यादव, संरक्षक नेम सिंह बिशेन एवं मंशा गौर, सचिव नारद निषाद, सहसचिव बुधेश्वर साहू एवं लालेश्वर साहू, सलाहकार गगन नाहटा एवं भरत निर्मलकर समेत अन्य जुटे हैं।

20 दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक अंग एवं उपकरण मिले



आमदी में निःशुल्क सहायक अंग एवं उपकरण वितरण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नगर पंचायत आमदी के दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक अंग एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पंचायत आमदी के 20 दिव्यांग हितग्राहियों को उनकी आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, कमिश्नर अरुण वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक शुक्ला एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को उपकरण वितरित किए गए तथा दिव्यांगजनों के कल्याण और सुविधा से जुड़े प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया गया। शिविर से लाभान्वित 20 दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण मिलने से उनकी दैनिक गतिविधियों में सुविधा प्राप्त होने की उम्मीद है।

शहीद विश्वनाथ बिसेन कप फुटबाल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम छिपली में सीएफसी समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय तहसील स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। अमर शहीद विश्वनाथ सिंह बिसेन कप के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 9 अक्टूबर को सुबह 9 बजे ग्रीन पार्क स्टेडियम छिपली में हुआ।

कार्यक्रम के अतिथि जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य बोरसी एवं जपं नगरी के उपाध्यक्ष हृदयलाल साहू थे। अध्यक्षता सरपंच लिकेश्वरी ने की। अन्य अतिथि कुश बिसेन, उपसरपंच घनश्याम साहू, विनोद साहू, डोमारसिंह नवरंग, गुलाब देवांगन, तोमन साहू, ओमप्रकाश देव, टिकेश साहू, भुवनलाल साहू, आशीष नवरंग, कल्पनाथ नवरंग, त्रिभुवन बिसेन, रवि ध्रुव थे।

प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

मिशन 2027 वी विल डू इट के लिए एकजुट हुए आदिवासी पालक

- पालकों ने बच्चों के सुबह सोकर उठने से लेकर रात्रि सोने तक की गतिविधियों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकसित भारत 2047 को साकार करने के लिये समूचे देश में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। देश भर के स्कूलों में भाषण, चर्चा, गोष्ठी के साथ विविध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है।



विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी वाक्य वी विल डू इट से प्रेरित होकर सिंगपुर के प्राचार्य ,शिक्षक एवं कक्षा दसवीं ,बारहवीं के बच्चे तथा आदिवासी पालकों ने 2027 में शत- प्रतिशत रिजल्ट के लिये मिशन 2027 वी विल डू इट का नारा बुलंद किया है।

गोंड़ समाज के पालकों ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बच्चों से इस मिशन को सफल बनाने के लिए सुबह सोकर उठने से लेकर रात्रि सोने तक की गतिविधियों पर चर्चा की। घर परिवार एवं विद्यालय में उत्तम आचरण प्रदर्शित करने के लिए भी बच्चों को प्रेरित किया गया। एक तरफ पालकों ने विद्यालय तथा बच्चों को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प दोहराया वहीं दूसरी ओर प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों ने मिशन को पूरा करने के लिए पराकाष्ठा तक परिश्रम करने का संकल्प दुहराया।

हरिराम मरकाम, टिकेश्वर ध्रुव, विदेशीराम नेताम, वीरू नेताम, दयाराम ध्रुव, सोमनाथ ध्रुव, फलीन्द्र ध्रुव ने इस पहल को प्रेरणादायी तथा स्कूल में बदलाव लाने वाला कार्यक्रम बताया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा एवं गोविंद नेताम ने आभार प्रकट किया।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

अंचल की खबरें

लीना का नेशनल महिला कबड्डी में चयन



नगरी। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी की छात्र लीना कश्यप का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी नेशनल महिला कबड्डी प्रतियोगिता में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता अलगप्पा यूनिवर्सिटी तमिलनाडु में होगी। स्पर्धा में भाग लेने लीना रवाना हुई। प्राचार्य डॉ. अश्वनी ध्रुव, क्रीड़ा प्रभारी जयराम कुर्रे, क्रीड़ा अधिकारी देवेश जोशी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश देवांगन, आरआर मेहरा, क्रीड़ा सहायक कृष्ण सिन्हा एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष अमनराज बने



नगरी। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक जागरूकता एवं राजनीतिक विषयों के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से राजनीति विज्ञान परिषद का गठन किया गया। प्रो.आरआर मेहरा विभागाध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों को परिषद के उद्देश्यों एवं कार्यों की जानकारी दी गई। डॉ.ममता सौरज अतिथि व्याख्याता ने कहा कि परिषद के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, तर्कपूर्ण चिंतन तथा समसामयिक राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों की समझ विकसित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष अमनराज, उपाध्यक्ष आशीष साहू, सचिव ज्योति मरकाम, कोषाध्यक्ष भूमिका मंडावी, सहसचिव गिरिजाशंकर, सांस्कृतिक प्रभारी पायल साहू बने।

आमदी में आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का सम्मान





आमदी(धमतरी)। नगर पंचायत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आंगन मिलन कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, विशेष अतिथि सुनीता साहू पार्षद, कोमल यादव उपाध्यक्ष, हेमंतमाला साहू, उमानंद कुंभकार, त्रिभुवन मटियारा, असरूराम साहू, लक्ष्मी पटेल थे। कार्यक्रम में गोदभराई, अन्नप्राशन किया गया। महिलाओं के लिए फुग्गा फुलाओ, बिन्दी लगाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया।

Pride of Dhamtari

धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
ESTD. - 1910
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे
न्यूरो सर्जन

24 घंटे भर्ती सुविधा
• एनआईसीयु
• आईसीयु
• पीडियाट्रिक वार्ड
• टीकाकरण
• ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौगागगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

माइनरों में गेट लगाने और नाली निर्माण की मांग

मुख्य नहर में पानी, फिर भी चोरभट्ठी के खेत सूखे

- किसानों ने कार्यपालन अभियंता को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

मुख्य नहर की वितरक शाखा क्रमांक 4 से सिंचाई का पानी नहीं मिलने से ग्राम चोरभट्ठी के किसान परेशान हैं। किसानों ने समस्या के निराकरण की मांग को लेकर कार्यपालन अभियंता रूद्री को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि मुख्य नहर से पिछले 15 दिनों से पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन गांव के खेतों तक अब तक पानी नहीं पहुंचा है। इससे खेत सूख रहे हैं और फसलों को तत्काल सिंचाई की जरूरत है।

किसानों के अनुसार सेमरा डी, सेनचुवा, भालुझूलन, कन्हारपुरी





और भुसरेंगा के माइनरों की अधिक गहराई के कारण चोरभट्ठी तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इन माइनरों में गेट लगाने और नाली निर्माण के लिए 16 अगस्त 2023 को भी आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ है। नालियों की सफाई भी नहीं कराई गई है।

किसानों ने बताया कि दो माह पहले विधायक अजय चंद्राकर को भी समस्या से अवगत कराया गया था। इसके बावजूद समाधान नहीं हुआ। उन्होंने खेतों तक तत्काल पानी पहुंचाने, माइनरों में गेट लगाने, नाली निर्माण और सफाई कार्य शीघ्र कराने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच शोभाराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष पवन साहू, सेवकराम साहू, चंदू साहू, नोहरसिंह साहू, बिसौहाराम, चोवाराम साहू, गणेशराम यादव, मोतीलाल साहू, युगल साहू, नरेश और अजीत पाल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



शरीर को निरोग रखने कर रहे योग

धमतरी। मकई गार्डन में प्रतिदिन निःशुल्क योग प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। योग प्रशिक्षक उत्तरा सिंह गौतम द्वारा आम नागरिकों को नियमित रूप से योगाभ्यास कराया जा रहा है। मकई गार्डन में सुबह के समय आयोजित योग अभ्यास में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न योगासन एवं ध्यान का अभ्यास कराया जाता है। विशेष रूप से महिलाओं एवं बुजुर्गों में योग के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। योग प्रशिक्षक उत्तरा सिंह गौतम ने कहा कि योग शरीर को निरोग रखने के साथ ही मन को प्रसन्न और शांत रखने का प्रभावी माध्यम है।

आमाचानी में नाचा गम्मत 12 से

मगरलोड। ग्राम आमाचानी में नव जागरण दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में चार दिवसीय नाचा गम्मत का आयोजन 12 अक्टूबर से किया जा रहा है। प्रथम दिवस 12 अक्टूबर को जय मां शीतला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी नगर पंचायत करेली बड़ी, 13 अक्टूबर को मया के संदेश छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कसही (डाही) कुरुद, 15 अक्टूबर को महके मोंगरा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी खुंदनी गुरुर जिला बालोद, 17 अक्टूबर को भुंईया के श्रृंगार लोक नृत्य नाचा पार्टी होच्चेटोला मंगचुवा जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी जुटे हैं।

दिल्ली में नवाचार पेश करेंगे दंतेवाड़ा के 4 युवा वैज्ञानिक

गीदम। इंस्पायर अवार्ड्स मानक योजना के राज्य स्तरीय मुकाबले में दंतेवाड़ा के 4 होनहार छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से शामिल 213 विद्यार्थियों में से कुल 20 का चयन हुआ, जिसमें दंतेवाड़ा ने बाजी मारी। अब आस्था विद्या मंदिर जावंगा के यशवंत नाग (ऑल इन वन वेइंग मशीन) व आयुष जैन (यूनिवर्सल इलेक्ट्रो डेस्क), एकलव्य स्कूल कटेकल्याण के अस्सो सोरी (स्त्राव कलेक्शन मशीन) और मिडिल स्कूल बर्रेम के गुलशन कुमार बरसे (महुआ कलेक्टिंग मशीन) 12 से 15 अक्टूबर 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रदर्शनी में देश के सामने अपना नवाचार प्रस्तुत करेंगे।
इससे पहले जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर व नोडल अधिकारी अमुजुरी विश्वनाथ के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिताओं से सत्र 2023-24 के लिए 10 और सत्र 2024-25 के लिए 8 विद्यार्थियों (कुल 18) का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया। इन सभी को मॉडल निर्माण हेतु 10000 रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है।

मतदाता सूची ठीक करने बीएलओ की बैठक

बस्तर। निर्वाचन नामावली को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए शनिवार को जनपद पंचायत सभागार में बस्तर तहसील के बीएलओ और सुपरवाइजरों की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में घर-घर सर्वेक्षण कर मतदाता सूची का सत्यापन करने, छूटे पात्र मतदाताओं और जनवरी तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम फॉर्म-6 भरवाकर जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

कुरंदी में 'स्पोर्ट्स फॉर प्रोटेक्शन' प्रशिक्षण संपन्न

जगदलपुर। बस्तर सामाजिक जन विकास समिति द्वारा संचालित बाल विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम कुरंदी में आयोजित तीन दिवसीय 'स्पोर्ट्स फॉर प्रोटेक्शन' प्रशिक्षण का 9 अक्टूबर को समापन हुआ। इसका उद्देश्य खेल-कूद के माध्यम से बच्चों में आत्म-जागरूकता, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल और सहानुभूति जैसे जीवन कौशल विकसित करना था।

फुसेरा स्कूल में किताबों की सीमाओं से परे शिक्षा की नई पहल

व्यवहारिक ज्ञान से विद्यार्थियों का बढ़ रहा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव





शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराना और उनमें व्यावहारिक समझ विकसित करना भी है। इसी सोच के साथ आदर्श शासकीय माध्यमिक शाला फुसेरा में अध्ययन-अध्यापन को कक्षा और किताबों की सीमाओं से आगे ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यार्थियों को व्यवहारिक वातावरण में सीखने, अनुभवी व्यक्तियों से संवाद करने तथा विभिन्न विषयों से जुड़ी जानकारियां प्राप्त करने के अवसर दिए जा रहे हैं।


रमाकांत साहू

सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षक रमाकांत साहू का मानना है कि बच्चे जब अपने आसपास के वातावरण को देखकर, समझकर और प्रश्न पूछकर सीखते हैं, तब उनका ज्ञान अधिक प्रभावी और स्थायी बनता है। अनुभवी व्यक्तियों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में उत्साह, आत्मविश्वास और सीखने की ललक पैदा करती हैं।

जीवन से जुड़कर सार्थक बनती है शिक्षा

डॉ. धर्मेंद्र मीमो ने कहा कि जब अध्ययन और अध्यापन कक्षा तथा पुस्तकों से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन से जुड़ते हैं, तब विद्यार्थियों को विषयों को समझने का बेहतर अवसर मिलता है। ऐसी गतिविधियां बच्चों के ज्ञान को व्यापक बनाती हैं और उन्हें अपने आसपास की परिस्थितियों का विश्लेषण करने के लिए प्रेरित करती हैं।

शिक्षा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया

डॉ. लोकेश साहू ने कहा कि शिक्षा तभी पूर्णता की ओर बढ़ती है, जब सीखने और सिखाने की प्रक्रिया कक्षा एवं किताबों के दायरे से बाहर निकलकर जीवन के अनुभवों से जुड़ती है। इससे शिक्षा एक जीवंत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया बन जाती है।

भविष्य के प्रति जागरूक हो रहे विद्यार्थी

उन्होंने बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थी विभिन्न व्यवसायों एवं कार्यक्षेत्र से परिचित होते हैं। साथ ही भूगोल, इतिहास, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आर्थिक गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को व्यावहारिक रूप में समझने का प्रयास करते हैं। इससे विद्यार्थियों में भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे पढ़-लिखकर व्यवसायी बनने अथवा अपनी रुचि के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं।

पालक और समुदाय भी विद्यालय से जुड़ रहे

सरपंच श्रीमती जमुना एवं राजेन्द्र साहू ने कहा कि बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ विभिन्न क्रियाकलापों में भाग लेने से आनंद मिलता है। ऐसी पहल से विद्यार्थियों के साथ-साथ पालक और ग्राम समुदाय भी विद्यालय से जुड़ने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि जब अभिभावक बच्चों को गतिविधियों में भाग लेते और नई चीजें सीखते देखते हैं, तो उनमें शिक्षा के प्रति विश्वास बढ़ता है। इससे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की प्रेरणा मिलती है।

धमतरी-कुरूद की जर्जर सड़कों का मुद्दा उप मुख्यमंत्री साव के सामने उठाया

- पूर्व विधायक लेखराम ने की मुलाकात, पांच प्रमुख मार्गों के निर्माण और मरम्मत की स्वीकृति मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



धमतरी और कुरूद विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्र के पांच प्रमुख मार्गों की बदहाल स्थिति से अवगत कराते हुए जल्द निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की स्वीकृति देने की मांग की।

श्री साहू ने बताया कि शंकरदाह-डोड़की से बोड़रा, छाती से गागरा-कंडेल, अंवरी से सोनपुर, थूहा से बंगोली तथा भैंसबोड़ से मड़ेली पहुंच मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है। इन सड़कों पर वाहनों की आवाजाही तो मुश्किल है ही, पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहनों के लगातार आवागमन से सड़कों की हालत और खराब हुई है। ये मार्ग कई गांवों को जोड़ते हैं। इनके खराब होने से ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों को आवागमन में दिक्कत हो रही है।

विद्यार्थियों को कुरूद, धमतरी सहित अन्य स्थानों के स्कूलों तक पहुंचने में परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं धान खरीदी का समय नजदीक आने के कारण किसानों को भी उपज बेचने के लिए इन मार्गों से गुजरना होगा। लेखराम साहू ने मंत्री से मुलाकात से पहले संबंधित क्षेत्रों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि सड़कों की बदहाली से क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। जनसुरक्षा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए इन मार्गों का मजबूत निर्माण और आवश्यक मरम्मत जल्द कराई जानी चाहिए। उन्होंने डिप्टी सीएम साव से जनहित में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

टू व्हीलर मैकेनिक संघ के होमचंद जिलाध्यक्ष बने



- बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में टू व्हीलर मैकेनिक संघ का गठन किया गया। कुछ सदस्य वर्चुअल जुड़े। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए सर्विस एवं रिपेयरिंग रेट में वृद्धि करने तथा दीपावली के बाद से प्रत्येक मंगलवार को पूरा दिन दुकान बंद करने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष होमचंद साहू, उपाध्यक्ष द्वय सैय्यद इनायत अली और श्रवण मेश्राम, सचिव टाकेश्वर, सहसचिव कमलेश पटेल, कोषाध्यक्ष द्वय रविशंकर यादव और मिलाप देवांगन, सहकोषाध्यक्ष धीरज साहू, दिलीप देवांगन, संरक्षक भीम साहू, सलाहकार बड़कू चुने गए हैं।

गौ संरक्षण को जी-राम-जी योजना में शामिल करने की मांग

- भारतीय किसान संघ ने किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने किसानों की प्रमुख समस्याओं के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने अपर कलेक्टर अजय किशोर लकड़ा को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि भरतीय किसान संघ ने गौ वंदन योजना पर प्रस्ताव पारित किया, उसे प्रदेश भर में लागू किया जाए तथा जी-राम-जी योजना को गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन से जोड़ने सहित 12 सूत्रीय मांग की गई।

धान खरीदी 2022-23 की रूकी हुई 1700 करोड़ राशि तत्काल प्रदान करने, केन्द्र सरकार द्वारा तीन वर्षों में की गई 258 रूपये की वृद्धि का लाभ देते हुए 3358 रूपए क्विंटल में खरीदी तथा सब्जी एवं फलों की खेती करने वाले किसानों को कृषक उन्नति योजना में शामिल करने, धान की खरीदी 15 नवम्बर से 15 फरवरी तक करने, हाल में अतिवर्षा से आई बाढ़ से फसलों को भारी क्षति पहुंची है जिसका सर्वे कर किसानों को क्षतिपूर्ति राशि देने, धान की खरीदी प्रति तौल अधिकतम 40 क्विंटल 700 ग्राम करने, टोकन व्यवस्था में सुधार करते हुए बड़े किसानों को पांच एव लघु किसानों को क्रमशः तीन एवं दो टोकन देने, धान खरीदी में अनावश्यक दबाव डालकर खाता समर्पण कराने की प्रक्रिया बंद करने, गन्ना उत्पादक किसानों को कृषक उन्नति योजना में जोड़ने तथा 150 रूपए क्विंटल की बढ़ोतरी, अधूरी सिंचाई परियोजनाओं में गति प्रदान करने तथा नई परियोजनों की स्वीकृति, विद्युत विभाग के निजीकरण में रोक लगाने बाजार में अधिकतम मूल्य पर खाद विक्रय पर कार्रवाई करने, भूमि अधिग्रहण में उदयपुर डिक्लेरेशन के अनुसार अधिग्रहण, वैकल्पिक फसल को बढ़ावा देने मक्का और गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम चन्द्राकर, गौतम राम साहू, ठाकुर राम साहू, गजाधर यादव, उत्तम कुमार, भुनूराम साहू, जयनारायण देवांगन, शिवकुमार, तोमन सिंह, गोपाल सिंह, हीरालाल, प्रदीपचंद, संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

बिजनेस साइट

एम्पियर इलेक्ट्रिक स्कूटी की रेंज बढ़ी कम कीमत में मिल रहे आधुनिक मॉडल





- शिवम ऑटोमोबाइल अर्जुनी में शोरूम का उद्घाटन, पहले दिन से ग्राहकों ने दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पेट्रोल की बढ़ती कीमत के बीच इलेक्ट्रिक स्कूटी लोगों के लिए किफायती विकल्प बन रही है। इसी कड़ी में एम्पियर कंपनी की बैटरी से चलने वाली स्कूटी अब धमतरी में भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। अर्जुनी चौक स्थित शिवम-ऑटोमोबाइल में रविवार को शोरूम का उद्घाटन हुआ। ग्राहक इलेक्ट्रिक स्कूटी के विभिन्न मॉडलों की जानकारी लेने पहुंचने लगे।

संचालक हरीश सिन्हा ने बताया कि पहले दिन ही ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिला। स्कूटी की बिक्री भी हुई। शोरूम में एम्पियर के विभिन्न इलेक्ट्रिक स्कूटी मॉडल उपलब्ध हैं। इनमें टॉप मॉडल नेक्सस की एक्स-शोरूम कीमत 1,44,194 रुपये, मैग्नस जी मैक्स की कीमत 1,12,911 रुपये और मैग्नस नियो की कीमत 1,05,792 रुपये है। इसके अलावा रियो मॉडल भी उपलब्ध है। कीमत के अलावा इनकी बैटरी क्षमता और ड्राइविंग रेंज भी ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

एक बार बैटरी चार्ज करने पर तीनों मॉडल में क्रमशः लगभग 70, 120 और 160 किलोमीटर तक की रेंज वाले विकल्प उपलब्ध हैं। वास्तविक रेंज सड़क, गति, भार और ड्राइविंग परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग हो सकती है। संचालक श्री सिन्हा ने बताया कि एम्पियर इलेक्ट्रिक स्कूटी भारतीय बाजार में अपनी पहचान बना रही हैं। कम परिचालन खर्च और किफायती कीमत के कारण लोग इनमें रुचि ले रहे हैं।

अंचल की खबरें

युवा मंत्री मंडल ने किया ब्लड डोनेशन



धमतरी। छग हरदिहा साहू समाज धमतरी के तत्त्वाधान में युवा मंत्री मंडल द्वारा ब्लड डोनेशन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वात्सल्य श्रृजन के पदाधिकारी शिथलेश साहू, भागीराम, चिंताराम, राजेश साहू, बिसंभर साहू, ज्ञानीराम साहू, कोमेश्वर साहू, दामेश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, लक्ष्मीकांत का योगदान रहा।

लायंस क्लब ने रोपे फलदार एवं फूलदार पौधे



धमतरी। लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स द्वारा सेवा सप्ताह अंतर्गत शिवराज ग्रीन्स कॉलोनी में फलदार एवं फूलदार पौधे लगाए गए। मौके पर लायंस अध्यक्ष शकुन्तला साहू, सचिव ज्योति लूनिया, कोषाध्यक्ष अंजुला सोनी, एडमिनिस्ट्रेशन पीएमजेएफ मनोज सोनी, एसडी नानकानी, पूजा साहू, मनोज सेठिया समेत कॉलोनी के सदस्य उपस्थित थे।

मौसम बदलते ही मॉर्निंग वॉक के लिए निकल रहे लोग



डाही(धमतरी)। मौसम में बदलाव के साथ ही लोग सुबह की सैर के लिए निकलने लगे हैं। ग्राम डाही में मॉर्निंग वॉक करने वालों ने अनौपचारिक समूह बना लिया है। इसमें डाही सहित हंकारा, कसही, अंगारा, बोड़रा, बिजनापुरी और पुरी के ग्रामीण शामिल होते हैं। सुबह अलग-अलग गांवों से पहुंचने वाले लोग समूह में सैर करते हैं। सुबह की सैर के प्रति ग्रामीणों की बढ़ती रुचि से गांव में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी नजर आने लगी है।

डांडेसरा के शीतला मंदिर में जले आस्था के ज्योत



डांडेसरा(धमतरी)। जय मां शीतला मंदिर एवं दुर्गा मंदिर ग्राम डांडेसरा में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आस्था के ज्योत जलाए गए। इस अवसर पर ग्राम पटेल अंगदराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, उपाध्यक्ष पंकज जोशी, सुभाष ध्रुव, ढालसिंग दीवान, जगतराम साहू, उमेश साहू, उत्तम दीवान, हरिराम दीवान, भोजकुमार सेन, अखिलेश जांगड़े, ग्रामीण बैगा उपस्थित थे।

मोखा में बह रही रामरस की धारा

धमतरी। ग्राम मोखा (मड़ाईभाठा) में तीन दिवसीय संगीतमय रामधुनी महोत्सव शुभारंभ 8 अक्टूबर को हुआ। शुभारंभ अवसर पर सरपंच चंद्रेश चांद, उपसरंपच मन्नू ध्रुव, बलदाऊराम साहू, घनश्याम देवांगन, गिरधारी राम यादव, सरजू राम साहू, तुलसी राम साहू, बैगा अजय निषाद आदि मौजूद रहे। प्रथम दिवस जय मां खल्लारी रामधुनी मंडली भोथीपार केंवट संवाद (गायन), जय बजरंग रामधुनी मंडली डोटोपार (सनौद) द्रौपदी चीरहरण (झांकी), श्री बाल कृष्ण रामधुनी मंडली अरौद (मेघा) महिसासुर वध (झांकी) की रात तक प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम देखने रात्रि तक ग्रामीणों का हुजूम लगा रहा। मंच संचालन ध्रुव कुमार साहू, चनेश्वर यादव कर रहे हैं। समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की उम्मीद है।



अमाली स्कूल में हुआ न्योता भोज

नगरी। शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय अमाली में विगत दिनों ग्राम संबलपुर की माताओं द्वारिका बाई ,दुलेश्वरी, प्रीति, पूर्णिमा द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को न्योजा भोज में मिक्सचर, समोसा, मीठा दिया गया। मौके पर प्रधानपाठिका हर्षलता साहू, शिक्षक लक्ष्मी साहू, श्वेता गौर, एस. नाग, चंद्रकुमारी नवरंगे, गंगा नवरंग उपस्थित थे।



खबर संक्षेप



मूर्तिकार पंकज ने तैयार की मां शारदे की आकर्षक प्रतिमा

धमतरी। ग्राम पंचायत कोर्रा के प्रसिद्ध मूर्तिकार पंकज साहू ने नवरात्रि पर्व पर मां शारदे की आकर्षक प्रतिमा तैयार की है। पंकज साहू द्वारा प्रतिवर्ष मां दुर्गा, भगवान गणेश, माता लक्ष्मी और भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक प्रतिमाओं का निर्माण किया जाता है। उनकी बनाई प्रतिमाओं की मांग पूरे धमतरी जिले में रहती है। इस कला कार्य में पंकज साहू के साथ उनके सहयोगी सिद्धार्थ, विक्की और गोविंद भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी मिलकर अपनी मेहनत, लगन और कलात्मक कौशल से प्रतिमाओं को आकर्षक स्वरूप प्रदान करते हैं। मां शारदे की प्रतिमा में उनकी बारीक कारीगरी और कला के प्रति समर्पण स्पष्ट दिखाई देता है। उनकी यह कला क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं और मूर्तिकला की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने में योगदान दे रही है।

राजू बने जिला औषधि विक्रेता संघ के उपाध्यक्ष



अंवरी। जिला औषधि मेडिकल विक्रेता संघ की मजबूती एवं संघ के सफल संचालन के लिए डॉ राजू साहू को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर डॉ साहू ने कहा कि आज हर क्षेत्र में संगठन का एक विशेष महत्व है। संघ ने मुझे जो दायित्व सौंपा है, उसका निष्ठापूर्वक पालन करूंगा। इस अवसर पर जिला औषधि विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष राजेश साहू, सचिव राकेश साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश डे, संरक्षक श्री कोचर, श्री हिंदूजा, मनीष नहर, लक्ष्मण साहू, धर्मेंद्र केशरवानी, केवल साहू, विवेक साहू, घनाराम साहू, कुलेश्वर साहू समेत अन्य लोगों ने हर्ष जताया है।

महिला आरक्षक के साथ कथित दुर्व्यवहार निंदनीय एवं अक्षम्य : प्रियंका

धमतरी। भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा ने दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान महिला पुलिसकर्मी के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने घटना से जुड़े वीडियो का हवाला देते हुए संबंधित आचरण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रियंका ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी कर रही महिला आरक्षक के साथ किसी भी प्रकार का अमर्यादित व्यवहार निंदनीय है। महिला सम्मान की बात करने वाले नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे स्वयं भी महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करें। सार्वजनिक जीवन में पद और प्रतिष्ठा के साथ जिम्मेदारी व मर्यादा का पालन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध और आंदोलन लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन विरोध के नाम पर पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता या दुर्व्यवहार को उचित नहीं ठहराया जा सकता। महिला आरक्षक भी सम्मान और गरिमा की अधिकारी हैं। उनके कर्तव्यों का निर्वहन करते समय उनकी सुरक्षा और सम्मान का ध्यान रखना सभी की जिम्मेदारी है।



कांग्रेसियों ने मनाया काला दिवस

अंवरी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा 9 अक्टूबर को गांधी प्रतिमा स्थल पर काला दिवस मनाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों एवं निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था के प्रति चिंता व्यक्त की गई।

पांच दिव्यांग बच्चों को शिक्षा किट वितरित की गई

दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने लगा विशेष शिविर, मिले सहायक उपकरण











हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सेवा संकल्प अभियान के तहत विशेष पहल की है। शनिवार को इंडोर स्टेडियम आमातालाब रोड में आयोजित दो दिवसीय निदान-03 शिविर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। कृत्रिम अंग, कैलिपर्स और अन्य उपकरणों के लिए पंजीयन, मापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हितग्राहियों से संवाद कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा दिव्यांगता परीक्षण एवं प्रमाण-पत्र बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी जारी रही। जनपद पंचायत धमतरी की अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जनपद पंचायत मगरलोड की अध्यक्ष राजेश्वरी, नगर पंचायत आमदी एवं भखारा के अध्यक्ष, पार्षद और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर का आयोजन जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग और भगवान महावीर दिव्यांग सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

प्रतिभा को अवसर देकर बनाएं आत्मनिर्भर : लोकेश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि दिव्यांगजनों में प्रतिभा और क्षमता की कमी नहीं है। जरूरत उनकी क्षमता को पहचानने और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने की है। प्रशिक्षण, रोजगार और शासकीय योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से चल रहे सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

जरूरतमंदों को सुविधाएं देना प्राथमिकता : रोहरा



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक समाज के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उनकी जरूरतों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन और समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे शिविरों से पात्र हितग्राहियों को सहायक उपकरण और योजनाओं का लाभ मिलता है। हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति जानकारी या संसाधनों के अभाव में सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहे।

ट्राइसाइकिल और शिक्षा किट का वितरण

शिविर में अतिथियों ने राजेश्वरी ध्रुव और मुकेश जाट को ट्राइसाइकिल प्रदान की। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पांच दिव्यांग बच्चों को शिक्षा किट वितरित की गई। हाथ-पैर से दिव्यांग और पोलियोग्रस्त लोगों के लिए कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स उपलब्ध कराने मापन और परीक्षण किया गया। पात्र हितग्राहियों को व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र और अन्य सहायक उपकरण देने की प्रक्रिया भी संचालित की गई।

अग्रवाल समाज ने धूमधाम से मनाई अग्रसेन महाराज की जयंती



■ श्री अग्रसेन भवन में दिनभर हुए सांस्कृतिक और खेलकूद आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

समाजवाद, समानता, सेवा और सद्भावना के प्रतीक भगवान श्री अग्रसेन महाराज की जयंती अग्रवाल समाज धमतरी ने रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई। श्री अग्रसेन भवन में दिनभर विविध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में समाजजनों ने महाराज के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

महोत्सव में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल तथा मुख्य वक्ता केनरा बैंक धमतरी के शाखा प्रबंधक अतुल बंसल शामिल हुए। समारोह में श्री अग्रसेन महाराज का माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना और महाआरती की गई। इसके बाद स्वागत गीत, अतिथियों का सम्मान, उद्बोधन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। सुबह कुर्सी दौड़, स्लो साइकिल रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। शाम को आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष दयाराम अगवाल, मदनलाल गोयल, रमेश लाठ, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, मुरलीधर अग्रवाल, नानकचंद अग्रवाल, नवलकिशोर अग्रवाल, रामकिशन अग्रवाल, अनिल मित्तल, मोहन अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, प्रमोद गोयल, सुरेश गोयल, संजय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, नवयुवक समिति के अध्यक्ष देवेश अग्रवाल, अविनाश गर्ग, सन्नी अग्रवाल, राजा अग्रवाल, अमन अग्रवाल, शिव अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, उज्जवल अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, विकास अग्रवाल, ईशान अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, आकाश अग्रवाल तथा महिला मंडल अध्यक्ष सरोज बाला अग्रवाल सहित अनीता गोयल, संगीता अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, मीना अग्रवाल, स्वर्णलता गोयल, संगीता लाठ, रिंका गिनोरिया, ममता अग्रवाल, वीणा गोयल, रमा अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, पायल गोयल, अनीता मित्तल, श्वेता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल, डॉ. भावना अग्रवाल, कमला अग्रवाल, राधा अग्रवाल, रूपल सिंघल, श्वेता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, ललिता अग्रवाल की सहभागिता रही।

परंपरा, संस्कृति और एकजुटता का दिखा संगम

■ नगरी में तहसील स्तरीय नवाखाई ठाकुर जोहारनी पर्व मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





गोंड़वाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी (सिहावा) के तत्वावधान में तहसील स्तरीय नवाखाई ठाकुर जोहरनी महापर्व का आयोजन गोंड़वाना समाज भवन नगरी में किया गया। इस दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों, सामाजिक एकजुटता और संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंड़वाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी के अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव ने की। अति विशिष्ट अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम व विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पार्षद वार्ड राजा पवार, शीतला पुजारी परसराम नेताम, ठाकुर देव समिति सिहावा परगना अध्यक्ष रामसिंह सामरथ, भंगारावा माई देव समिति कुर्सीघाट के पुजारी प्रफुल्लचंद सामरथ, गोंड़वाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी के संरक्षक रामप्रसाद मरकाम, विश्वनाथ मरकाम, पीलाराम नेताम, शकुंतला ठाकुर, बिन्दा नेताम, सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष उमेश देव, जिला उपाध्यक्ष साधुराम नेताम, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के अध्यक्ष सुरेश ध्रुव, कर्मचारी प्रकोष्ठ गोंड़वाना समाज अध्यक्ष मोहन कुरू, महिला प्रभाग अध्यक्ष शत्रुपा तमोवंशी तथा युवा प्रभाग अध्यक्ष वेद प्रकाश मण्डावी थे।

सभा को पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, श्रवण मरकाम और समाज के संरक्षक रामप्रसाद मरकाम ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने समाज को शिक्षा, सामाजिक एकता, संस्कृति संरक्षण और संगठनात्मक मजबूती के माध्यम से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। मौके पर बड़ी संख्या में समाजन मौजूद थे।

नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का दिया संदेश

गोंड़वाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी के अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव ने कहा कि समाज की रीति-रिवाज, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर रखना सभी की जिम्मेदारी है। युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की जानकारी देकर उनसे जोड़ना जरूरी है। समाज को संगठित होकर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक विकास के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।

संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

महेश गोटा ने कहा कि समाज के विकास और संगठन को मजबूत बनाने में प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रकृति, घर के देवी-देवताओं और ग्राम देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना गोंड़वाना समाज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा है।

एनएसएस छात्रों में समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जगाने का सशक्त माध्यम : पीतांबर



■ डीपीएस में राष्ट्रीय सेवा योजना की नवीन इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



दिल्ली पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना की नवीन इकाई का गठन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पीतांबर सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि एनएसएस जिला समन्वयक निरंजन कुमार थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने की। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा एवं जिला समन्वयक निरंजन कुमार ने विद्यार्थियों को एनएसएस के मूल उद्देश्य और उसके आदर्श वाक्य मैं नहीं, आप के बारे में विस्तार से समझाया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जगाने का एक सशक्त माध्यम है। एनएसएस शिविर विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर काम करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण का अवसर प्रदान करते हैं। प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने कहा कि परोपकार की शुरुआत घर से होती है। समाज में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद करने से पहले हमें अपने घर, अपनी कॉलोनी और अपने परिवेश से शुरुआत करनी चाहिए। जब विद्यार्थी स्वयं के स्तर पर स्वच्छता और अनुशासन अपनाएंगे, तभी वे समाज को सही दिशा दे सकेंगे। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कांति नायर ने आभार व्यक्त किया।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा दिल्ली में गिरफ्तार



■ जंतर-मंतर में वोट चोरी आंदोलन के तहत अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



देशव्यापी वोट चोरी आंदोलन के तहत जंतर-मंतर पर अपनी आवाज बुलंद करने जा रहे एनएसयूआई धमतरी के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन को दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार कर किया गया।

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री देवांगन ने कहा कि लोकतंत्र में वोट चोरी के खिलाफ आवाज़ उठाना अपराध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज देश भर में मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने, एसआईआर प्रक्रिया में अनियमितताओं और कथित वोट चोरी के खिलाफ युवा और आम जनता सड़कों पर है। हम शांतिपूर्ण तरीके से जंतर-मंतर जा रहे थे ताकि निर्वाचन आयोग और सरकार से जवाब मांग सकें। अगर अपनी मांगों को सरकार तक पहुचाने के लिए भी युवाओं को रोका जाता है और गिरफ्तार किया जाता है, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। श्री देवांगन ने आगे कहा कि मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग पर उठ रहे गंभीर आरोपों को दबाने के बजाय जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। आगे कहा कि छात्र-युवाओं के अधिकारों, लोकतांत्रिक स्वतंत्रता, निष्पक्ष चुनाव और वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई में एनएसयूआई अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

गांव-गांव में माता रानी के स्वागत में उमड़ा आस्था का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

अंचल में शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। माता रानी के आगमन को लेकर नगरी नगर सहित आसपास के गांवों में भक्तिमय माहौल है। नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों, मंदिरों, गलियों और मोहल्लों को रंग-बिरंगी झालर लाइट से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वहीं गांव-गांव स्थित शीतला माता मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कर श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। सुबह से ही मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। पूरा अंचल देवीमय नजर आने लगा है।

रविवार को नगरी में माता रानी के स्वागत के लिए विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रावनभाठा से प्रारंभ होकर राजा बाड़ा तक पहुंची। माता रानी के जयकारों से नगर की गलियां गूंज उठीं। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह भक्तिमय वातावरण देखने को मिला और श्रद्धालु माता रानी के स्वागत में पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए।

नौ स्वरूपों की जीवंत झांकी ने मोहा मन

शोभायात्रा में माता रानी के नौ स्वरूपों की जीवंत झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आकर्षक ढंग से सुसज्जित झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। देवी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। शोभायात्रा में छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं और अन्य श्रद्धालु पारंपरिक श्रद्धा एवं आस्था के साथ शामिल हुए। महिलाओं और बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण कर धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

राजा बाड़ा में विराजती हैं माता रानी, वर्षों पुरानी परंपरा आज भी कायम

नगर पंचायत क्षेत्र का राजाबाड़ा माता रानी की स्थापना का प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहां वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार नवरात्र पर्व के अवसर पर माता रानी की स्थापना की जाती है। इस आयोजन में नगर के विभिन्न वार्डों के लोग एकजुट होकर शामिल होते हैं और सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

पुरानी परंपरा से जुड़ने का अवसर

नगर के सांस्कृतिक मंच नव आनंद कला मंदिर द्वारा इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को भव्य स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। ऐस आयोजनों के माध्यम से नगरवासियों को अपनी पुरानी परंपरा से जुड़ने, धार्मिक मान्यताओं को आगे बढ़ाने और सामूहिक रूप से पर्व मनाने का अवसर मिलता है।

विधि-विधान से हुई दुर्गा माता की स्थापना

रावनभाठा से निकली शोभायात्रा के राजा बाड़ा पहुंचने के बाद शाम को विधि-विधान के साथ दुर्गा माता की पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा संपन्न कर माता रानी की स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और सभी के कल्याण की कामना की।

डाही क्षेत्र में धान की कटाई शुरू

डाही(धमतरी)। डाही क्षेत्र के किसान अब धान कटाई में व्यस्त हो गए हैं। कसही- बोड़रा के आसपास ग्रामों में बड़ी संख्या में खेतों में मजदूरों को धान की कटाई करते देखा गया।



